F.Y.
March 2018

Reg. No. ......................................
Name ..........................................

**138**

## Part - III

## HINDI (OPTIONAL)

Maximum : 80 Scores

Time : **2½** Hours
Cool off time : **15** Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time.
- Use the 'Cool off time' to get familiar with questions and to plan your answers.
- Read the instructions carefully.
- Read the questions carefully before answering.
- Calculations, figures and graphs should be shown in the answer sheet itself.
- Give equations wherever necessary.
- Electronic devices except nonprogrammable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**सूचना : निम्नांकित कवितांश पढ़िए और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

नीली, पीली और चटकीली
पंखों की प्रिय पंखुडियाँ खोल
प्रिय तितली! फूल सी ही फूली
तुम किस सुख में हो रही डोल?
चाँदी सा फैला है प्रकाश,
चंचल अचल सा मलयानिल,
है दमक रही दोपहरी में
गिरि घाटी सौ रंगों में खिल!

**1.** यह किसकी कविता है? **(1)**
(अरुण कमल, कीर्ति चौधरी, सुमित्रानंदन पंत)

**2.** 'शोभा' के लिए कविता में प्रयुक्त शब्द चुनकर लिखिए । **(1)**
(फूली, दमक, चंचल)

**3.** कविता की आस्वादन-टिप्पणी लिखिए । **(6)**

4. सही मिलान कीजिए । **(4)**

| अ | | ब | |
|---|---|---|---|
| क) | ईदगाह | a) | कीर्ति चौधरी |
| ख) | चीफ की दावत | b) | ममता कालिया |
| ग) | एकलव्य | c) | भीष्म साहनी |
| घ) | यहाँ रोना मना है | d) | प्रेमचंद |

**सूचना : 'चीफ की दावत' कहानी का अंश पढ़िए और 5 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

साहब बड़ी रूचि से फुलकारी देखने लगे । पुरानी फुलकारी थी, जगह जगह से उसके तागे टूट रहे थे और कपड़ा फटने लगा था । साहब की रूचि को देखकर शामनाथ बोले - ''यह फटी हुई है साहब, मैं आपको नई बनवा दूँगा । माँ बना देंगी । क्यों माँ, साहब को फुलकारी बहुत पसंद है, इन्हें ऐसे ही एक फुलकारी बना दोगी न?'' माँ चुप रहीं । फिर डरते डरते धीरे से बोलीं - ''अब मेरी नज़र कहाँ है, बेटा! बूढ़ी आँखें क्या देखेंगी?'' मगर माँ का वाक्य बीच में तोड़ते हुए शामनाथ साहब से बोले, ''यह जरूर बना देंगी । आप उसे देखकर खुश होंगे ।''

5. माँ डरते डरते क्या बोली? **(2)**

6. खंड में से एक सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए । **(1)**

7. खंड में से एक विशेषण शब्द चुनकर लिखिए । **(1)**
(पुरानी, जगह, पसंद)

8. खंड का संक्षेपण कीजिए और शीर्षक दीजिए । **(6)**

**सूचना : प्रश्न क्रमांक 9 से 11 तक में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए।** **(2 × 2 = 4)**

**9.** प्रेमाश्रयी काव्य की विशेषताओं पर टिप्पणी लिखिए ।

- सूफी सिद्धांत पर आधारित
- प्रेममार्गी

**10.** भक्तिकाल की राजनीतिक–सामाजिक परिस्थिति पर टिप्पणी लिखिए ।

- विदेशी शासन
- हिंदी साहित्य का सुवर्णकाल

**11.** राम भक्तिकाव्य की प्रवृत्तियों पर टिप्पणी लिखिए ।

- सगुण
- रामानंद के सिद्धांत

**सूचना : प्रश्न क्रमांक 12 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए ।** **(3 × 4 = 12)**

**12.** संकेतों की मदद से हामिद के चरित्र पर टिप्पणी लिखिए ।

- क्षणिक सुख न चाहनेवाला
- दृढ़चित्त
- सहानुभूतिवाला
- परिपक्व व्यवहार

**13.** जीवन वृत्त पढ़िए और सूरदास के बारे में अनुच्छेद तैयार कीजिए ।

| | | |
|---|---|---|
| जन्म | : | सन् 1478 |
| नाम | : | सूरदास |
| जन्मस्थान | : | सीही गाँव |
| रचनाएँ | : | सूरसागर, साहित्यलहरी, सूरसारावली |
| विशेषताएँ | : | अष्टछाप के प्रमुख कवि |
| मृत्यु | : | सन् 1583, परासौली में |

**14.** दोहे का भावार्थ लिखिए ।

पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ पंडित भया न कोइ ।
एकै आखिर पीव का, पढ़ै सु पंडित होइ ।।

**15.** रीतिकाल की विशेषता पर टिप्पणी लिखिए ।

- श्रृंगार रस
- मुक्तक शैली
- प्रेम के वियोग पक्ष
- अलंकरण का प्राधान्य

**सूचना : प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए ।(6 × 3 = 18)**

16. 'मुड़कर देखा तो बुधराम नाई था । झाड़ु लगाते उसने फिर कहा, ''ताई! आ जा न बैठ, चाय का घूँट लगा ले ।'' माँ बैठना नहीं चाहती थी, वह बुधराम से बातें करने लगीं ।

    बुधराम और माँ के बीच का वार्तालाप लिखिए ।

    - भैंस का मरना
    - गाँव का परिवर्तन
    - परसे से मुलाकात

17. 'अनुभव हुआ जैसे आनंद और प्रकाश के मानसरोवर में स्नान कर मैं बाहर निकला हूँ'- गाँधीजी के साथ हुई मुलाकात के बारे में रामकुमार वर्मा उस दिन की डायरी में लिखता है । वह डायरी लिखिए ।

    - सुनहरे मीठे पल
    - वहाँ का वातावरण
    - गाँधीजी का व्यवहार
    - बातों का प्रभाव

18. हामिद और दोस्तों ने मेले में मिठाइयों की एक दुकान देखी । दुकान का विज्ञापन तैयार कीजिए ।

    - स्वादिष्ट मिठाइयाँ
    - कम दाम
    - पसंदीदा मिठाइयाँ

**19.** खण्ड का हिंदी में अनुवाद कीजिए ।

Newspaper is a collection of news from all over the World. We should practice news reading on daily basis. It is a good habit. Reading news paper is very interesting job.

(newspaper - समाचार पत्र, collection - संकलन, practice - अभ्यास, daily - रोज़, habit - आदत, interesting - रोचक)

**सूचना : प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए ।** **(3 × 8 = 24)**

**20.** भक्तिकाल का परिचय देकर सगुण भक्तिशाखा पर एक निबंध तैयार कीजिए ।

- आरंभ विकास
- सगुण भक्ति
- निर्गुण भक्ति
- भक्ति के अन्य भेद

**21.** 'यहाँ रोना मना है' एक नारी की तनावपूर्ण जिंदगी को चित्रित करनेवाला एकांकी है । नारी शाक्तीकरण से ही नारी की यातनाओं का अंत किया जा सकता है । महिला दिवस पर प्रस्तुत करने के लिए 'नारी शाक्तीकरण' पर एक भाषण तैयार कीजिए ।

- आधुनिक समाज में नारी
- कामकाज़ी औरत
- समाजकल्याण और नारी शाक्तीकरण
- सशक्तिकरण के विभिन्न तरीके

**22.** आदिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों पर एक लेख लिखिए ।

- विशेषताएँ
- साहित्यिक रचनाएँ
- प्रमुख कवि
- भाषा की विशेषताएँ

**23.** इस उत्तराधुनिक जमाने में विकास के नाम पर नई, नई बस्तियों, इमारतों और लंबी-चौड़ी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है, गाँव, शहर बनते चले जा रहे है । 'नए इलाके में' इस कविता के आधार पर 'शहरीकरण की चुनौतियाँ' इस विषय पर संगोष्ठी आलेख तैयार कीजिए ।

- जंगलों का नाश
- खेती की भूमि पर अतिक्रमण
- स्वास्थ्यसंबंधी समस्याएँ
- कचरे का प्रबंधन